सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.)

पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित

"कुक्कुट उत्पादन से उद्यमिता विकास" पर 21 दिवसीय कौशल उन्मुख प्रशिक्षण (31 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025)

पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने सेवानिवृत्त हो रहे/सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए कौशल उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 04 सितंबर, 2024 को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी स्वरोजगार के लिए छोटी इकाइयां स्थापित कर सकें। इस समझौता ज्ञापन पर माननीया राज्यपाल उ0प्र0 और विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति में पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के महानिदेशक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.के. सिंह ने हस्ताक्षर किए।

अनुबन्ध के परिपालन में 30 प्रशिक्षुओं का पहला बैच **"कुक्कुट उत्पादन से उद्यमिता विकास"** पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण में भाग ले रहा है, जो **31 मार्च 2025** को प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षुओं में जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल आदि जैसे विभिन्न राज्यों से 29 सेवानिवृत्त होने वाले वायुसेना कर्मी और 01 थलसेना कर्मी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ पोषण प्रबंधन, रोग प्रबंधन, आवास, प्रजनन, मूल्यवर्धित कुक्कुट उत्पाद आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगे। सरकारी बैंकों, निजी फर्मों, ऋण एजेंसियों जैसे वित्तपोषण संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा भी व्याख्यान दिए जा रहे है और परियोजना प्रस्ताव तैयार करने की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रगतिशील किसानों के पोल्ट्री फार्मों के साथ–साथ पोल्ट्री उत्पादन से सम्बन्धित संस्थानों का भ्रमण कराकर व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut (U.P.)

Sponsored by Directorate General Resettlement, Ministry of Defence, Govt. of India

21 days skill oriented training on "Entrepreneurship Development on Poultry Production" (31st March' 25 to 20th April' 25)

The Directorate General Resettlement, Ministry of Defence, Govt. of India signed MOU with Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut (U.P.) on 04 September, 2024 for skill oriented training programme for retiring/retired army personnel so that they can establish small units for self-employment. The MOU was signed by Dr. K.K. Singh, Vice Chancellor and Director General, Directorate General Resettlement, Ministry of Defence, Govt. of India in presence of Smt. Anandiben Patel Ji Hon'ble Governor of U.P. and Chancellor of the University.

As per MOU first batch of 30 trainees are attending the 21 days training on **"Entrepreneurship Development on Poultry Production"** which started on **31st March' 25.** The trainees include 29 retiring Air force personnel and 01 army personnel, belonging to different states like Jammu & Kashmir, Uttar Pradesh, Haryana, Bihar, Punjab, Madhya Pradesh, Rajasthan, Kerala etc. During training programme the experts of various fields will cover the different aspects of poultry production in terms of nutritional management, disease management, housing, breeding, value-added poultry products etc. Invited lectures from financing institutions like government banks, private firms, loan agencies and practical exposure for project proposal layout is covered in the programme. Practical exposure through hands on training and poultry farms visits of progressive farmers is also being organized. Exposure visit to National institutes, Government organizations are scheduled, to provide beneficial training to the participants.

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ
उद्यमित्ता विकास हेतु कुक्कुट पालन पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण
Entrepreneurship Development on Poultry Production
(31 मार्च से 20 अप्रैल, 2025)
प्रशिक्षण स्थल :- कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र
प्रायोजक :- रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

Research
Training